कार्यालय समन्वयक PTET-2021
राजकीय डूँगर महाविद्यालय, जयपुर रोड, बीकानेर (राज.)
दूरभाष– 0151-2528035 Email : gpsptet2021@gmail.com

क्रमांकः 589

दिनांकः 04/02/2022

अत्यावश्यक सूचना

पीटीईटी–2021 परीक्षा में शामिल ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिन्हें महाविद्यालय आवंटन नहीं हुआ/महाविद्यालय आवंटन हो गया हो परन्तु महाविद्यालय में रिर्पोटिंग नहीं हुई हो एवं ऐसे अभ्यर्थी जिनका रजिस्ट्रेशन शुल्क (5000/–) एवं शुल्क 22000/– का एक से अधिक चालान जमा हुआ है, ऐसे सभी अभ्यर्थी दिनांक 25.02.2021 तक पीटीईटी–2021 की अधिकृत वेबसाईट www.ptetraj2021.com पर Apply for Refund आईकन पर क्लिक कर अपने पीटीईटी–2021 के रोल नम्बर, काऊन्सिलिंग आईडी जो अभ्यर्थी के पीटीईटी–2021 के परीक्षा परिणाम दर्शित है, स्वयं का नाम, माता का नाम तथा जन्मतिथि से लॉगईन कर स्वयं अपने बैंक खाते का सम्पूर्ण विवरण यथा खाता संख्या, बैंक का IFSC भर दें। साथ ही बैंक पासबुक/चैक बुक तथा स्वयं का पता सम्बन्धित दस्तावेज भी अपलोड करें। सम्पूर्ण विवरण का मिलान कर लें ताकि नियमानुसार उनके द्वारा जमा कराया गया शुल्क लौटाया जा सके। शुल्क रिफण्ड सम्बन्धित समस्त कार्य ऑनलाईन आवेदन के अनुसार ही होगा। इस हेतु पीटीईटी कार्यालय में सम्पर्क नहीं करें।

सभी अभ्यर्थी को पुनः निर्देशित किया जाता है कि रिफण्ड केवल अभ्यर्थी के स्वयं के बैंक खाते में ही किया जायेगा। अन्य किसी (यथा पिता, माता, भाई, बहिन, आदि) का बैंक खाता अपलोड करने पर रिफण्ड आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

समन्वयक पीटीईटी 2021
राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर

Scanned with CamScanner